मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 17 जुलाई 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	17/07/15	18/07/15	19/07/15	20/07/15	21/07/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	1	2	3
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	38	38	38	37	37
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	29	29	28	28	27
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	5	5	6	7	7
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	69	69	72	74	76
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	28	26	24	28	32
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	10	8	6	5
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

जिन किसान भाईयों ने खरीफ की दलहनो फसलों की बुवाई अभी तक नहीं की है वे किसान भाई उन्नत एंव कम समय में पकने वाली किस्मों की बुवाई करें।

मूंग :– के–851, आर.एम.जी–268, आर.एम.जी–344 व जी.एम–4
मोठ :– आर.एम.ओ–40, आर.एम.ओ–257, आर.एम.ओ–225
ग्वार :– आर.जी.सी–936, आर.जी.सी–1002, आर.जी.सी–1003 व आर.जी.एम–112
तिल :– आर.टी–46, आर.टी–125, आर.टी–346 व आर.टी–351

दलहनी फसलों को बुवाई से पूर्व राइजोबियम कल्चर से उपचारित अवश्य करें।

किसान भाई बाजरा के खेत में पौधों की संख्या समान रखने के लिये अधिक पौधों को निकाले साथ ही कतारों में रिक्त स्थानों पर पौधों की रोपाई करें।

चारे के लिए बाजरा की राज बाजरा चरी 2, जायन्ट बाजरा किस्मों की बुवाई करें।

पशुओं को लवणों की कमी से बचाने हेतु लवण–मिश्रण निर्धारित मात्रा में दाने या बांटे में मिलाकर दें।

(नौडल ऑफीसर)